समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# उप जिलाधिकारी व नगर पंचायत दुद्धी से अतिक्रमण प्रभावित दुकानदारों को मोहलत देने की मांग

suaibkhan608@gmail.com

Published on 13 Sep 2025




नगर पंचायत दुद्धी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग **एनएच-39** पर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद स्थानीय दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट गहराने लगा है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद प्रभावित दुकानदारों ने **उद्योग व्यापार मंडल** से मदद की गुहार लगाई।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष **अमरनाथ जायसवाल** और महामंत्री **जसवंत सिंह मौर्य** ने उप जिलाधिकारी दुद्धी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि अतिक्रमण की जद में आए रेहड़ी, गुमटी और ठेला संचालकों को कम से कम **एक हफ्ते की मोहलत** दी जाए। साथ ही लिंक मार्ग पर सड़क किनारे दुकानों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि छोटे दुकानदारों की आजीविका प्रभावित न हो।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पूर्व में मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित और व्यापारियों के हित में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए।

इसी क्रम में संगठन ने **सात सूत्रीय मांग पत्र** भी प्रशासन को सौंपा। दूसरी ओर, व्यापारी **अखिलेश कुमार कसेरा** ने अतिक्रमण प्रभावित दुकानदारों के बीच जागरूकता अभियान चलाया और उनसे **स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था** का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/suaibkhan608@gmail.com, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.